19.98 लाख रुपये के साथ पकड़ाया नोट डबलर गिरोह का सदस्य

एक का चार करने का झांसा देकर जाली नोट देकर करता था कारोबार

● रोहित की निशानदेही पर बेतिया के बेलवा में छापेमारी ● घर से रायफल के 10 कारतूस मिले

हरसिद्धि (आससे)। थाना क्षेत्र के मानिकपुर चौक के समीप पुलिस द्वारा एक युवक के पास से बरामद 1998500 रुपये के मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। बरामद रुपये नोट डबलिंग गिरोह के थे। गिरोह के सदस्य एक रुपये के बदले चार रुपये के जाली नोट देने का झांसा देकर कारोबार करते हैं। पकड़ा गया युवक इन रुपयों को लेकर उत्तर प्रदेश से बेतिया जा रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने गिरोह के काम करने के तरीके का खुलासा किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बरहलगंज निवासी हरेराम शाही के पुत्र रोहित कुमार शाही के रूप में हुई है। रोहित की निशानदेही पर पुलिस ने पश्चिम चंपारण जिले के बेलवा गांव निवासी अशोक मिश्र के घर छापेमारी की। वहां से पुलिस ने रायफल के 10 कारतूस बरामद किए हैं। इसकी जानकारी शुक्रवार को हरसिद्धि थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अरेराज डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को डायल 112 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मोतिहारी की ओर से एक फॉर्च्यूनर और एक नेक्सन कार में नोट डबलिंग गिरोह के सदस्य भारी मात्रा में रुपये लेकर अरेराज की ओर जा रहे हैं। इसकी सूचना एसपी स्वर्ण प्रभात को दी गई। उनके निर्देश पर डायल 112 की टीम, थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित पुलिस बल ने मानिकपुर चौक के समीप घेराबंदी कर दी।

इसी दौरान तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर पुलिस को चकमा देकर निकल गई। पीछे से आ रही नेक्सन कार को पुलिस ने रोककर तलाशी शुरू की। तभी कार से उतरकर एक युवक बैग लेकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। हालांकि, उसके अन्य साथी नेक्सन कार लेकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के बैग से 500 रुपये के नोटों में कुल 19 लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में रोहित ने बताया कि उनका गिरोह एक रुपये के बदले चार रुपये के जाली नोट देने का काम करता है। इसी सिलसिले में वे लोग रुपये लेकर बेतिया जा रहे थे। डीएसपी ने बताया कि इस गिरोह का नेटवर्क बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में फैला हुआ है। पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कारवाई

पिकअप पर लदे 10 मवेशी बरामद, चालक गिरफ्तार

मोतिहारी(आससे)। जिले में पशु तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के कुंवारी देवी चौक से एक पिकअप पर लदे 10 मवेशियों के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करी के धंधे में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन पर मवेशियों को ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुंवारी देवी चौक पर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पिकअप पर कुल 10 मवेशी लदे हुए पाए गए। इसके बाद पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार चालक की पहचान मुस्ताक खान, पिता मोहम्मद खान, निवासी पकड़िया, थाना दरपा, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने मवेशियों सहित पिकअप को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को पशु तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

गायघाट हादसे में ट्रैक्टर चालक, मालिक और धर्मकांटा संचालक पर मृत युवक के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

हरसिद्धि (आससे)। थाना क्षेत्र के गायघाट चौक के समीप धर्मकांटा के पास स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर-ट्रेलर के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले में ट्रैक्टर के चालक, मालिक और माँ दुर्गा धर्मकांटा के संचालक को आरोपित किया गया है। यातायात थाना मोतिहारी में सेवराहा के मृतक अंकित कुमार उर्फ मनु सिंह के पिता पूर्व मुखिया उपेंद्र कुमार उर्फ मुरारी सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिए गए आवेदन में मुरारी सिंह ने बताया है कि 28 अक्टूबर की रात उनका पुत्र अंकित अपने मित्र शुभम कुमार, आदित्य कुमार सिंह और गोलू कुमार के साथ स्कॉर्पियो से किसी जरूरी काम से मोतिहारी जा रहा था। इसी दौरान गायघाट स्थित माँ दुर्गा धर्मकांटा के समीप ट्रैक्टर के चालक और मालिक ने लापरवाही बरतते हुए कांटा से ट्रैक्टर को उतारकर अचानक मुख्य सड़क पर खड़ा कर दिया। इसी दौरान तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे में उनके पुत्र अंकित कुमार उर्फ मनु सिंह और शुभम कुमार की मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो में सवार आदित्य कुमार सिंह और गोलू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक के पिता ने दुर्घटना के लिए ट्रैक्टर चालक और मालिक के साथ धर्मकांटा संचालक को भी जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त से पूर्वी चंपारण के 4.30 लाख किसानों को मिला लाभ : सांसद

मोतिहारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी करते हुए देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मोतिहारी के पिपराकोठी स्थित महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह शामिल हुए और किसानों को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के सम्मान, आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और किसान हितैषी सोच का प्रतीक है। योजना की पहली 23 किस्तों में पात्र किसानों को 4.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 24वीं किस्त के तहत पूर्वी चंपारण जिले के 4,30,389 किसान लाभार्थियों के बैंक खातों में 86,03,04,000 रुपये अंतरित किए गए हैं। इससे किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी और कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिलेगी। सांसद ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में सीधे राशि पहुँचने से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। उन्होंने बेहतर सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीज, आधुनिक तकनीक, कृषि ऋण और उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने को किसानों की समृद्धि के लिए आवश्यक बताया।

सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में शुक्रवार को सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत पॉक्सो अधिनियम, 2012 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक रोहित जायसवाल एवं प्रधानाचार्य रतन किशोर श्रीवास्तव ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि,निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में श्री राघवेन्द्र नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी



दी। उन्होंने अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा तथा किसी भी तरह के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी असहज परिस्थिति में बच्चों को चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने अभिभावकों या विश्वसनीय शिक्षकों को इसकी जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन दीपेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले में शिक्षिका दीक्षा दिशा, अंकिता कुमारी, अलीशा श्रीवास्तव एवं सूरज पासवान शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन अमन गौतम ने किया। कार्यक्रम का समन्वय अकादमिक समन्वयक भाव्या आनंद एवं शीतांशु सिन्हा ने किया। मौके पर अदालत के कर्मियों में राजेश कुमार, अचरज कुमार, रुपेश कुमार राम व राहुल भारद्वाज मौजूद थे।

एसआरएपी महाविद्यालय के नये प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

चकिया (आससे)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसआरएपी महाविद्यालय में नए प्राचार्य के रूप में प्रो डॉ वीरेंद्र कुमार



सिंह पदभार ग्रहण किया। पद भार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा- विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निपटारा अविलम्ब करने तथा छात्रवृत्ति समेत अन्य विकासात्मक कार्यो मे सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को मिलकर काम करने सहित अय आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महाविद्यालय शिक्षा का मंदिर में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अध्यापनरत शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों तथा अध्ययनरत विधार्थियो को ससमय महाविद्यालय आने एंव नांमाकित विधार्थियो के अभिभावकों को बच्चों को पढने के लिए महाविद्यालय भेजने सहयोग करने की अपील की ।वहीँ निवर्तमान प्राचार्य प्रो विनोद बैठा ने कहा-इस महाविद्यालय में काम करने का मौका सौभाग्य की बात है।

विकास के लिए अनुशासन एवं ईमानदारी को मुल मंत्र बताया। इस सम्मान समारोह में डॉ अभयेंन्द्र प्रसाद, डॉ रंजीत कुमार दिनकर, संतोष आनंद,डॉ धनंजय सिंह, पी. एन शर्मा, डॉ अरशद खान, डॉ दिगंबर झा, डॉ सुमन लाल राय, डॉक्टर अखिलेश कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ अजय कुमार सिंह, अजीत कुमार, उपेंद्र कुमार, मोहम्मद वसीम, मो रेयाज आलम, विपिन कुमार, छात्र नेता सनी कुमार, संतोष यादव, विवेक कुमार, दाता परिवार के सदस्य आदि मौजुद थे। गौरतलब हो कि पूर्व मे भी प्राचार्य के रूप मे डॉ प्रो वीरेन्द्र कुमार सिंह सेवा दे चुके हैं।

रैली में पिपरा विधानसभा से जुटेंगे दो हजार कार्यकर्ता

चकिया (पूर्वी चम्पारण)। पिपरा विधानसभा क्षेत्र के चकिया स्थित राजमहल होटल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक विधायक श्यामबाबू यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 1 नवंबर को दोपहर 12 बजे मोतिहारी के जिला स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली एवं पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। विधायक श्यामबाबू यादव ने कहा कि रैली में पिपरा विधानसभा क्षेत्र से करीब दो हजार लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए विधानसभा के सभी छह मंडलों चकिया नगर, चकिया ग्रामीण, पिपरा, मेहसी, राजेपुर एवं तेतरिया में कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर तैयारियां की जा रही हैं।

संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

कोटवा (आससे)। कोटवा थाना क्षेत्र की मच्छरगांवा पंचायत के फतुहा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रूपसाल कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। महिला की मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार रूपसाल कुमारी की शादी वर्ष 2021 में फतुहा गांव निवासी सुरेंद्र राम के साथ हुई थी। उनका मायका हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया बाजार में है। महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे।मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर महिला की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि, महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

प्राकृतिक खेती से कम होगी लागत बढ़ेगी किसानों की आमदनी

के सरिया। किसान भवन में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ कुमुद कुमार, बीएओ अंकुर कुमार राय, बीटीएम दिलीप कुमार सिंह, भाजपा नेता आनंद सिंह एवं सुमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत ड्रैगन फरूट का पौधा देकर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती की तकनीक और जैविक खाद के उपयोग की जानकारी दी गई। बीटीएम दिलीप कुमार सिंह ने जीवामृत, घनजीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि और फसलों में उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया।

मानव व पशु चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों ने उठाया लाभ, युवाओं को मिला कंप्यूटर प्रमाण-पत्र

रक्सौल(संसू)। एसएसबी की 47वीं वाहिनी, रक्सौल द्वारा नागरिक कल्याण एवं मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत आज सीमावर्ती वाइब्रेंट विलेज पंटोका में एक विशाल 'बहुउद्देशीय जनकल्याण शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी चम्पारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माननीय सांसद, कमांडेंट 47वीं वाहिनी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ की गई। इसके पश्चात सीमावर्ती क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन किया गया। एसएसबी और एसआरपी अस्पताल, रक्सौल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। सीमावर्ती क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए आयोजित विशेष



विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। पनटोका, धुपवाटोला, भरतमही, महादेवा, सेनुवरिया और रक्सौल बाजार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराकर पशु चिकित्सा शिविर में मवेशियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया इस दौरान मानव संसाधन विकास के तहत ग्राम-भरतमही के 15 युवा-युवतियों के लिए आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसके तहत प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र बांटे गए।

इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने 47वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा आयोजित इस बहुउद्देशीय शिविर की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बल द्वारा सीमा सुरक्षा के साथ-साथ चलाए जा रहे जनहित कार्यों की सराहना की। विशेष रूप से, नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान और सीमा पर हाल ही में नशीले पदार्थों की पकड़ी गई भारी खेप के लिए उन्होंने एसएसबी जवानों के उत्कृष्ट कार्यों को सराहा। इस अवसर पर 47वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय पाण्डेय, कमांडेंट चिकित्सा डॉ. निशि कान्त, उप कमांडेंट आमोद, उप कमांडेंट नवीन कुमार साह, रक्सौल एसडीमबनागमणि कुमार वर्मा, एसआरपी अस्पताल के निदेशक डॉ. सुजीत कुमार, सहायक कमांडेंट दिनकर त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट अंकित कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भारत विकास परिषद्, सीमा जागरण मंच, लायंस क्लब रक्सौल के सदस्य, बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और एसएसबी के बलकार्मिक उपस्थित रहे।

अगलगी में जान गंवाने वाले परिवार को मिली चार लाख की सहायता राशि

संग्रामपुर (आससे)। प्रखंड के उत्तरी बधुबनी पंचायत के वार्ड संख्या 14



निवासी पुनीत महतो की आग से झुलसने के कारण हुई आकस्मिक मृत्यु के बाद बिहार सरकार की ओर से उनके पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। संग्रामपुर अंचलाधिकारी सुमित कुमार ने मुखिया रवि सिंह की पहल और प्रयासों के बाद मृतक की पत्नी मर्छिया देवी को चार लाख रुपये का चेक सौंपा।बताया जाता है कि आगलगी की इस दर्दनाक घटना में पुनीत महतो की जान चली गई थी। इतना ही नहीं, आग ने परिवार की पूरी गृहस्थी को भी तबाह कर दिया था। घर में रखे कपड़े, बर्तन, अनाज और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। इस घटना के बाद परिवार के सामने अपनों को खोने के साथ-साथ रहने और जीवनयापन करने की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई थी।ऐसे कठिन समय में पंचायत के मुखिया रवि सिंह ने पीड़ित परिवार की सहायता के लिए पहल की।

प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम

चकिया (आससे)। पिपरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चकिया प्रखंड में प्रखंड स्तरीय रबी महअभियान के तहत शुक्रवार को वैज्ञानिक विधि से फसल बुआई के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार मे आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, बीडीओ व सीओ तथा बीएओ आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान किसानों को कम लागत व अधिक मुनाफा के लिए रबी फसलों की आधुनिक तकनीक, उन्नत कृषि पद्धतियों, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने गेहूं, सरसों, मसूर और चना की उन्नत किस्मों की खेती पर विशेष प्रशिक्षण दिया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार कृषि को आधुनिक, लाभकारी और किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कहा कि अन्नदाता का सम्मान एंव कृषि का विकास ही समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। जानकारी दी कि आज ही पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की गई है। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18 हजार 690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आर्वटित की जा रही है, जिसमें प्रत्येक पात्र किसान को 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। किसानों को सशक्त व समृद्ध तथा सम्मान एंव आर्थिक सुरक्षा के लिए कई कल्याणकारी योजनाए चलाई जा रही।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना–राँची रोड वाईपास, थाना–दीपनगर, बिहारशरीफ–803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026–27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई–प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना



नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता–अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम–करैला, थाना–धनसोई, जिला–बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि–29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता–पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न०–9939679408, 9709661625 एवं ई०मेल–adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधानित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)
आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०–84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या–**H00030423**, चेसिस संख्या–**1487643 F 2012,** निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

समाहर्त्ता,
मधुबनी

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल–छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–19 वर्ष 2026–2027

(1) विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग,छपरा।
(2) परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय : 18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे तक।
(5) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना,भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत् भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6) निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुसार
(7) कार्य की विवरणी :

क्रम सं०	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/वर्ष 2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:– दिनांक–04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी:–

ग्रुप संo	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेलटॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026					
1	Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0" x 50'-0" with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को https://eproc2.bihar.gov.in पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।